तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **खेमसिंह जोधा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर प्रथम, जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 76/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
26/11/2024	अपीलार्थी खेमसिंह जोधा निवासी शिकारपुरा, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 26.07.2024 को न्यायालय अपर जिला कलक्टर प्रथम, जोधपुर में रेफरेन्स प्रार्थना पत्र संख्या 05/2019 में पारित निर्णय दिनांक 19.08.2019 से संबंधित सम्पूर्ण पत्रावली की निर्णय सहित नियमानुसार प्रमाणित छाया प्रतियां की सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर-शहर प्रथम, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर-शहर प्रथम, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर-द्वितीय, जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 551 दिनांक 26.11.2024 से बतलाया कि प्रार्थी द्वारा आवेदन पत्र में चाही गई सूचना हेतु प्रार्थी को पत्रांक 364 दिनांक 22.08.2024 द्वारा कुल 140 पृष्ठों की सूचना प्राप्त करने हेतु राशि रूपये 280/- जमा कराने हेतु पत्र लिखा गया परंतु प्रार्थी द्वारा वांछित राशि राजकोष में जमा नही करवाये जाने के फलस्वरूप सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना/सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.11.2[illegible] 17:59:06 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12034628